हिंदी दिवस

हिंदी भारत की पहचान, हम सबको इस पर अभिमान।

भाषा किसी भी संस्कृति का अभिन्न अंग होती है । हिंदी भारतीय संस्कृति की अमूल्य निधि है। हिंदी भाषा की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल गुड़गाँव, सेक्टर-45 में 14 सितंबर 2023, दिन गुरुवार को हिंदी दिवस बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें तीसरी, चौथी व पाँचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

हिंदी दिवस के अवसर पर विशेष प्रार्थना-सभा, सुलेख प्रतियोगिता एवं विभिन्न साहित्यिक गतिविधियों के साथ-साथ पुस्तकालय में जाकर हिंदी पुस्तकों का पठन किया गया। प्रार्थना सभा में गुरु वंदना, नृत्य प्रस्तुति एवं हास्य नाटिका का मंचन बहुत कलात्मकता के साथ किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में अपनी मातृभाषा हिंदी के प्रति और अधिक रुचि और लगाव विकसित हुआ|

हिंदी दिवस की विशेष प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। उपदेशक एवं मुख्याध्यापिका श्रीमती निशि धंजल, विभागाध्यक्षा श्रीमती आशा शर्मा, मुख्याध्यापिका श्रीमती लवीना हेमरजानी द्वारा विद्यार्थियों को सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान संबंधी प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

विद्यार्थियों के उत्साह को देखते हुए हिंदी भाषा के उज्ज्वल भविष्य को स्पष्ट ही देखा जा सकता है। विद्यालय में निरंतर होने वाले कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल गुड़गाँव, सेक्टर-45 हिंदी के प्रचार-प्रसार में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।